**डीजी परिपत्र संख्या- 13/2026**
**यक्ष परिपत्र संख्या- 07/2026**

**राजीव कृष्णा,**
**आई0पी0एस0**

**पुलिस महानिदेशक,**
**उत्तर प्रदेश।**
पुलिस भवन, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ।
दिनांक- फरवरी , 2026

**प्राथमिकता – 1**
**Zero Tolerance against Crime and Criminals**

प्रिय महोदय,

**यक्ष ऐप के Rollout की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से प्रचलित है-**

- **बीट स्तर Mobile App** पर
  a. **गांव/मोहल्लों की Geo Tagging** **(लगभग पूर्ण)**
  b. **बीट में पड़ने वाले महत्वपूर्ण क्षेत्र/CCTV की Geo Tagging** **(धीमी प्रगति)**

  की कार्यवाही की जा रही है, जिसके सम्बन्ध में पूर्व में ही **यक्ष परिपत्र संख्या 02** जारी किया जा चुका है।
- **चौकी/हल्का इंचार्ज** द्वारा बीट **कर्मियों के अवकाश/अन्यत्र ड्यूटी पर होने की स्थिति में** शेष **लम्बित गांव/मोहल्लों तथा बीट में पड़ने वाले महत्वपूर्ण क्षेत्र/CCTV की Geo Tagging** की कार्यवाही तथा **गांव/मोहल्ला की जनसंख्या** फीड करने की **कार्यवाही प्रचलित** है। **(धीमी प्रगति)**
- **थाना स्तर Web Dashboard** पर **अपराधी के गाँव/मोहल्ला सत्यापन** की कार्यवाही अन्तिम चरण में है, जिसके सम्बन्ध में **यक्ष परिपत्र संख्या 03** जारी किया जा चुका है। **(लगभग 50 हजार सत्यापन शेष)**
- **DCRB स्तर** पूर्व के **अपराधियों लम्बित सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। नये फीड किये जा रहे अपराधियों के सत्यापन एवं गैंगो को फीड करने की कार्यवाही** DCRB स्तर से प्रचलित है । DCRB से की वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में **यक्ष परिपत्र संख्या 04** जारी किया जा चुका है।
- थाना स्तर पर जो अपराधी हिस्ट्रीशीटर हैं, उनके **Status को हिस्ट्रीशीटर में मार्क** करने की कार्यवाही प्रचलित है। साथ ही थाने किये जा रहे कार्यों के **पर्यवेक्षण हेतु क्षेत्राधिकारी स्तर** पर **डैशबोर्ड में Access** दिया जा चुका है। जिसके सम्बन्ध में **यक्ष परिपत्र संख्या 05** जारी किया जा चुका है।
- थाना स्तर के कार्यों एवं डीसीआरबी द्वारा **गैंगो की ऑनलाइन फीडिंग की कार्यवाही के पर्यवेक्षण** हेतु **अपर पुलिस अधीक्षक (Additional SP) स्तर** पर **डैशबोर्ड में Access** दिया जा चुका है।
- **GRP थाना स्तर पर** को **डैशबोर्ड एवं मोबाइल ऐप व GRP डीसीआरबी स्तर** पर **डैशबोर्ड में Access** दिया जा चुका है। जिसके सम्बन्ध में **यक्ष परिपत्र संख्या 06** जारी किया जा चुका है।

थाना स्तर पर अपराधी को गाँव/मोहल्ला Assign करने की कार्यवाही प्रचलित है जो अन्तिम चरण में है। अपराधी को गाँव/मोहल्ला Assign होने के पश्चात बीट कर्मी को उसकी बीट (गांव/मोहल्ला) से सम्बन्धित अपराधी सत्यापन हेतु प्रदर्शित होने लगेगा।

**<u>दिनांक 16.02.2026 से बीट स्तर पर अपराधी सत्यापन की कार्यवाही को Open किया जा रहा है।</u>**

## बीट कर्मी द्वारा की जाने वाली अपराधी सत्यापन की प्रक्रिया

**बीट कर्मी द्वारा यक्ष ऐप में अपने रजिस्टर्ड मोबाइल से OTP के माध्यम से लॉगिन करते हुये आपराधिक सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। बीट कर्मी द्वारा किये जाने वाले आपराधिक सत्यापन की प्रक्रिया निम्नवत है-**

- बीट कर्मी द्वारा यक्ष ऐप में अपने रजिस्टर नंबर से OTP के माध्यम से लॉगिन करने पर निम्न स्क्रीन प्रदर्शित होगा-




- उक्त के पश्चात **अपराधी सत्यापन** के Option पर Click करना होगा। स्क्रीनशॉट निम्नवत है-






➢ अपराधी सत्यापन के Option पर Click करने पर अपराधियों की सूची प्रदर्शित होगी, जिसमें ऊपर की तरफ तीन टैब प्रदर्शित होंगे **सभी, लम्बित एवं सत्यापित**। बीट कर्मी जिस टैब पर Click करेगा उस टैब से सम्बन्धित अपराधियों की सूची नीचे प्रदर्शित होगी। स्क्रीनशॉट निम्नवत है-




➢ बीट कर्मी द्वारा लम्बित Option पर Click करेगा, तो उसे सत्यापन हेतु लम्बित अपराधियों की सूची प्रदर्शित होगी। स्क्रीनशॉट निम्नवत है-




➢ अपराधी का सत्यापन करने के लिये उस पर Click करना होगा और नीचे दाहिनी तरफ <u>सत्यापित करें</u> के Option पर Click करना होगा। स्क्रीनशॉट निम्नवत है-



➢ सत्यापित करें के Option पर Click करने के उपरान्त अपराधी की प्रोफाइल अपडेट करने हेतु खुल जायेगी। बीट कर्मी का दायित्व होगा कि <u>**निम्न स्क्रीनशॉट**</u> के अनुसार सभी **सूचनाओं को अद्यावधिक** करने की कार्यवाही पूर्ण करेंगे।

सत्यापन के दौरान अपराधी का नया फोटो कैमरे के बटन पर Click करके अपलोड कर सकते हैं।












अपराधी की वर्तमान स्थिति बदलने के लिये **Change Criminal Status/आपराधिक स्थिति बदलें** Option पर Click करने पर **निम्न स्क्रीन** के अनुसार अपराधी की वर्तमान स्थिति का चयन कर सकते है।

बीट कर्मी ऐप में उपलब्ध Fields के अलावा **अपराधी के बारे कोई अन्य जानकारी** भी **Comments में टाइप** कर सकते है।




अपराधी की अन्य जानकारी Comments में टाइप करने के साथ ही **परिवार के अन्य सदस्य, कोई वाहन या अन्य किसी आवश्यक जानकारी का फोटो** भी **कैमरा बटन के Icon पर Click करके** अपलोड कर सकते हैं।




बीट कर्मी द्वारा अपराधी सत्यापन की कार्यवाही **अपराधी के निवास स्थान** पर जाकर ही जायेगा ताकि सभी **अपराधियों की Geo Tagging** सुनिश्चित हो सके। अपराधी की **Geo Tagging** करने के लिये स्क्रीन में दिये गये **House Photo Camera button** पर Click करके **अपराधी के घर का फोटो अपलोड करने** पर **Geo Tagging** हो जायेगी।

- बीट कर्मी द्वारा सभी कार्यवाही करने के लिये ऐप का **Interface** बड़ा ही सरल एवं **User Friendly** बनाया गया है जिसके कारण किसी भी कार्यवाही को पूर्ण करने के लिये किसी तकनीकी दक्षता की आवश्यकता नहीं है।

## बीट कर्मी द्वारा अपराधी सत्यापन हेतु आवश्यक निर्देश

- बीट कर्मी द्वारा अपराधी का सत्यापन उसके निवास स्थान पर ही जाकर करना आवश्यक है ताकि अपराधियों की Geo Tagging हो सके। कोई भी बीट कर्मी थाने या अपने आवास से अपराधी सत्यापन की कार्यवाही नहीं करेगा।
- अगर बीट कर्मी अपराधी के सत्यापन के समय किसी ऐसे गांव में जाता है जहाँ पर इण्टरनेट की सुविधा नहीं है तो बीट कर्मचारी ऑफलाइन मोड में सत्यापन कर सकते है और बाद में इण्टरनेट के माध्यम से **Sync Unsaved Data** के Option से ऑफलाइन डाटा को सिंक कर सकते हैं।
- अगर किसी बीट में एक से अधिक कर्मी नियुक्त है तो दोनों की ID पर सत्यापन हेतु अपराधियों की सूची प्रदर्शित होगी तो ऐसी दशा में आपसी समन्वय से किसी भी कर्मी द्वारा अपराधियों का सत्यापन की कार्यवाही की जा सकती है।
- सत्यापन हेतु लम्बित अपराधी का सत्यापन एक से अधिक पतों से किया जाना है तो इस सम्बन्ध में सम्बन्धित बीट कर्मी को आवंटित क्षेत्र के पते पर ही सत्यापन की कार्यवाही की जानी है।
- भविष्य में अभियुक्तों के स्कोर एवं कलर कोडिंग के अनुसार **वरीयता के क्रम** सत्यापन की कार्यवाही की जायेगी।
- अपराध की जघन्यता के आधार पर स्कोरिंग एवं कलर कोडिंग की व्यवस्था यक्ष ऐप में की गयी है। जिसके कारण गम्भीर प्रकृति के अपराधियों के सत्यापन के सम्बन्ध में **एक निश्चित अन्तराल पर बीट कर्मी के ऐप**

**में सत्यापन हेतु अलर्ट प्राप्त होगा**, जिसके प्राप्त होने पर प्रत्येक बार बीट कर्मी के द्वारा सत्यापन की कार्यवाही करनी होगी।

- **बीट कर्मी को यदि संदिग्ध / गुमशुदा / अज्ञात शव के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होती है तो वह उसकी फोटो व अन्य जानकारी थाना प्रभारी को उपलब्ध करायेगा जिसके आधार पर थाना प्रभारी यक्ष ऐप के माध्यम से डेटाबेस में सर्च कर जानकारी प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।**

## बीट कर्मी द्वारा किये जाने वाले अन्य महत्वपर्ण कार्य

1. **शस्त्र प्रबंधन-** सभी बीट कर्मी अपने बीट क्षेत्र में निवास करने वाले शस्त्र लाइसेन्स धारकों के सत्यापन की कार्यवाही भी की जायेगी। सत्यापन के दौरान यदि किसी ऐसे शस्त्रधारक की जानकारी प्राप्त होती है जिसका विवरण ऐप में नहीं है तो इस सम्बन्ध थानाध्यक्ष को अवगत कराकर उसे यक्ष ऐप में फीड कराना सुनिश्चित करेंगे। जिससे शस्त्रों एवं कारतूसों के सम्बन्ध में जानकारी अद्यावधिक की जा सके एवं कारतूसों का अवैध उपयोग पर प्रभावी अंकुश लग सके।
2. **बीट सूचना-** बीट कर्मी को अपराधियों के सत्यापन के दौरान अगर कोई ऐसा तथ्य प्रकाश में आता है जो अपराध की रोकथाम या अपराधी के मॉडस ऑपरेण्डी (Modus Operandi) या उसके सहयोगी के बारे में या उसकी किसी सन्देहास्पद गतिविधि के बारे में हो तो यह जानकारी बीट कर्मी ऐप में टिप्पणी के कॉलम में दर्ज करेगा।
3. **गुमशुदा व्यक्ति-** बीट कर्मी को अपने बीट से सम्बन्धित गुमशुदा व्यक्ति का विवरण स्वतः ही सीसीटीएनएस से Fetch होकर ऐप पर प्रदर्शित होने लगेगा। सम्बन्धित बीट कर्मी की जिम्मेदारी होगी कि अपनी बीट क्षेत्र में गुमशुदा व्यक्ति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होने/गुमशुदा के मिल जाने के सम्बन्ध में ऐप में टिप्पणी करेगा एवं थाने में वापसी के समय सीसीटीएनएस में गुमशुदा व्यक्ति की जानकारी को अध्यावधिक करायेगा।
4. **View Alerts-**
   a. कुछ ऐसे बीट सम्बन्धी व्यक्ति, क्षेत्र सम्बन्धी सूचना एवं बीट की गतिविधियों की जानकारी विभिन्न स्तर से वांछनीय होती है। ऐसे व्यक्ति/क्षेत्र/गतिविधियों के सम्बन्ध में बीट कर्मियों को इस Icon के माध्यम से अलर्ट जारी की जायेगी। जिसके सम्बन्ध में निरन्तर निगरानी करने की आवश्यकता होगी एवं लाभप्रद सूचना को अंकित करने की जिम्मेदारी सम्बन्धित बीट कर्मी एवं सम्बन्धित पर्यवेक्षण अधिकारी की होगी।
   b. साथ ही, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर अपराध की रोकथाम हेतु विभिन्न प्रकार के अभियान चलाए जाते हैं। **View Alerts** Option के माध्यम से बीट कर्मी को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संचालित अभियानों की जानकारी प्राप्त हो जाएगी, जिससे वह तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर सकेगा।

आप सभी से अपेक्षा की जाती है कि बीट कर्मी के स्तर से किये जाने वाले उक्त कार्यों के सम्बन्ध में भली-भाँति अवगत कराते हुये समय से कार्यवाही पूर्ण करायेंगे। साथ ही यक्ष ऐप प्रचलित समस्त कार्यवाहियों के सम्बन्ध में नियमित पर्यवेक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे।

मुझे आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सामूहिक प्रयासों से प्रदेश में यक्ष ऐप का सफल क्रियान्वयन चरणबद्ध तरीके से किया जा सकेगा।

भवदीय,

(राजीव कृष्णा)

समस्त पुलिस आयुक्त, उत्तर प्रदेश।

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक / जनपद प्रभारी उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1. अपर पुलिस महानिदेशक एसटीएफ, उत्तर प्रदेश।
2. अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।